Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# हमारी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कर रही है विकास कार्य: सीएम

**शिलान्यास**

## सीएम ने विकासखण्ड मुख्यालय कंडीसौड पहुंचकर नागराजा मंदिर में पूजा अर्चना की

**संवाददाता**



देहरादून/टिहरी गढ़वाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा धनोल्टी के अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय कंडीसौड पहुंचकर नागराजा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने विकासखण्ड कार्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में 1 अरब 41 करोड़ 37 लाख लागत की कुल 21 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमे पेयजल निगम की 6, जल संस्थान की 10, पीएमजीएसवाई द्वितीय तथा लोनिवि की 2–2 योजनाएं व ग्रामीण निर्माण विभाग की 1 योजना शामिल है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जब से मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा करने का मौका मिला तब से हमारी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे 24000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है साथ ही युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रत्येक जिले में कैंप लगाए जा रहे हैं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत तमाम युवाओं को ऋण वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा की कोरोना की वजह से अनेक लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए 200 करोड़ का राह पैकेज दिया। उन्होंने कहा सरकार ने निर्णय लिया कि सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी जायेगी। साथ ही मार्च 2022 तक विभिन्न भर्तियों का आवेदन शुल्क माफ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहों, कलस्टरों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली प्रदेश की बहनों को 05 लाख रूपये तक का ऋण बिना ब्याज दिया जा रहा है। साथ ही ग्राम प्रधानों का मानदेय 1500 रूपये से बढ़ाकर 3500 रूपये किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्गों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राप्त मांग पत्रों का परीक्षण किया जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार, पूर्व कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह राणा, पूर्व विधायक महावीर सिंह रांगड़, जिलाधिकारी इवा आशीष श्रीवास्तव, एसएसपी तृप्ति भट्ट, के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय जनता उपस्थित थी।

## न्यूज डायरी

### राहुल गांधी की रैली के कुछ देर बाद फाड़े पार्टी के पोस्टर बैनर

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम की ओर से राजपुर रोड पर होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध कर दिया। एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाया गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि राहुल गांधी की रैली खत्म होते ही नगर निगम ने यह अभियान चलाया है, जिसमें सिर्फ कांग्रेस ही पोस्टर हटाये जा रहे है। इस दौरान कांग्रेसी नेता ट्विंकल अरोड़ा ने इसका लाइव शुरू कर दिया ओर नगर आयुक्त से बात की। उसके बाद बीजेपी के लगे होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर भी हटाए गए। कांग्रेसी नेता ट्विंकल अरोड़ा ने इसे बीजेपी की तानाशाही बताया। कहां कि रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर बीजेपी कार्यकर्ता बौखला गए हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने यूएनपीआरआई पर हस्ताक्षर किए

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस संयुक्त राष्ट्र समर्थित सिद्धांतों के लिए जिम्मेदार निवेश पर हस्ताक्षर करने वाली पहली भारतीय बीमा कंपनी बन गई है, जिससे पर्यावरण, सामाजिक और शासन के मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन होता है। स्थिरता को बढ़ावा देने की अपनी यात्रा में कंपनी ईएसजी कारकों को अपने निवेश प्रबंधन ढांचे में एकीकृत कर रही है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में इसने अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में स्थिरता के सिद्धांतों को भी अपनाया है। स्थिरता ढांचा ईएसजी के तीन स्तंभों पर बनाया गया है जिसमें ग्रह को अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर स्थान छोड़ना, समाज को वापस देना और कामकाज में पारदर्शिता शामिल है।

### एचडीएफसी लाइफ ने लॉन्च किया एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान लॉन्च किया है – एक व्यक्तिगत, समूह, गैर–भाग लेने वाली, गैर–लिंक्ड, बचत स्थगित वार्षिकी योजना जो व्यवस्थित रूप से आपको अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने की अनुमति देती है। वर्षों। एचडीएफसी लाइफ के चीफ एक्चुअरी, श्रीनिवासन पार्थसारथी ने कहा, "स्वर्णिम वर्षों में आय की एक सुरक्षित और नियमित धारा के साथ वित्तीय स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति के लिए उनकी सेवानिवृत्ति का लक्ष्य है। इसलिए, सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के लिए व्यवस्थित रूप से योजना बनाने से आप चिंता मुक्त रहना सुनिश्चित करेंगे। भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और मुद्रास्फीति के साथ, सेवानिवृत्ति योजना की आवश्यकता महत्वपूर्ण है।

## पिछोड़ा डेवलपर के निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक जारी

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने हल्द्वानी के दमुवाढुंगा में निर्माणाधीन पिछोड़ा डेवलपर कंस्ट्रक्शन पर रोक जारी रखते हुए दोनों पक्षों से अपनी लिखित बहस तीन दिन के भीतर कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। विपक्षी ने शपथपत्र पेश कर कहा कि उन्होंने सात मंजिल तक का निर्माण कार्य कर लिया है। रोक के आदेश को हटाया जाए, इनका इस पर कोई अधिकार नहीं है। इस मामले में याचिकाकर्ता के साथ पहले समझौता हो चुका है। निर्माण के लिए बैंक से 15 करोड़ व अन्य अनापत्ति प्रमाण पत्र विभागों से लिये है।

शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की एकलपीठ में दमुआढुंगा हल्द्वानी निवासी मेजर निधि सिंह की याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा है कि उनके पिता कर्नल हुकम सिंह ने दमुआढुंगा हल्द्वानी में जमीन खरीदी थी।

2014 तक यह क्षेत्र ग्रामीण में था, फिर नगर निगम हल्द्वानी में शामिल हो गया। 2017 में उनके पिता की मृत्यु हो गयी। पिता की तीन संतान मेजर निधि सिंह, कर्नल अनिमेष सिंह व प्रीति सिंह। पिता की मृत्यु के बाद निधि सिंह ने म्यूटेशन के लिए तहसील में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनके भाई अनिमेश सिंह ने झूठे अनापत्ति प्रमाण पत्र बनाकर यह सम्पति अपने नाम करा ली।

इस सम्बंध में निधि सिंह ने एक वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन हल्द्वानी के समक्ष दायर किया।



## सीएम ने ट्यूलिप बल्ब का किया रोपण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने ट्यूलिप की 07 प्रजातियों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि उद्यान नर्सरी, राजकीय उद्यान सर्किट हाउस देहरादून में भी इसका रोपण किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जो किसान पुष्प उत्पादन का कार्य कर रहे हैं, उन्हें ट्यूलिप उत्पादन की जानकारी दी जाय। मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी अधिकारी दीपक पुरोहित से ट्यूलिप के उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री आवास परिसर में रोपण के लिए ट्यूलिप बल्ब राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से. नि.) गुरमीत सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये। इसके लिए मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

## काबिल अधिकारी हाशिए पर सेटिंगबाज पा रहे मनमानी नियुक्तियां

**संवाददाता** देहरादून– जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रबंध निदेशक नियुक्ति प्रक्रिया में मापदंडों को तार–तार कर 29 अक्टूबर 2021 को प्रबंध निदेशक, यूपीसीएल के पद पर अनिल कुमार को नियुक्ति प्रदान की गई।

उक्त नियुक्ति के खिलाफ उच्च न्यायालय में प्रभावित पक्ष द्वारा याचिका दायर की गई, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 14 दिंसबर 2021 को प्रतिवादी नंबर 3 अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक, यूपीसीएल को 4 सप्ताह के भीतर जवाब देने हेतु नोटिस जारी किया गया। एमडी की नियुक्ति प्रक्रिया हेतु विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड

### एमडी नियुक्ति मामले में नोटिस के बावजूद अतिरिक्त प्रभार दिए जाने मामले में जागो सरकारः मोर्चा

पूर्ण किए बगैर सेटिंग गेटिंग के आधार पर बिना गोपनीय प्रविष्टियों की रिपोर्ट, 10 वर्ष की अनुशासनिक कार्रवाई का विवरण एवं सतर्कता प्रमाण पत्र की औपचारिकता पूर्ण किए बिना ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया, जबकि हैरानी की बात यह है कि मापदंड पूर्ण करने हेतु सचिव, ऊर्जा द्वारा नियुक्ति के एक माह पश्चात 29 अक्टूबर को अनुस्मारक भेज कर उक्त प्रपत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया यानी नियुक्ति हो जाने के बाद भी विभाग द्वारा इनसे कोई प्रपत्र नहीं लिए गए।

नेगी ने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है कि ट्रांसफार्मर घोटाले में जिस अधिकारी के खिलाफ जांच प्रचलित लंबित है, ऐसे भ्रष्ट अधिकारी से बहुत बड़ी डील कर नियुक्ति दे दी गई तथा उक्त डील के तहत ही उक्त भ्रष्ट अधिकारी को कल ही एमडी, पिटकुल का अतिरिक्त कार्यभार देकर सरकार ने अपना डील वाला वादा निभा दिया। नेगी ने तंज कसते हुए कहा कि अगर नियुक्तियां इसी तरह से सेटिंग गेटिंग के आधार पर होनी है तो क्यों नहीं टेंडर प्रक्रिया यानी मोटी रकम देने वाले सिस्टम के आधार पर ही नौकरियां बांट देनी चाहिए!

नेगी ने सरकार को आगाह किया कि इस पूरे प्रकरण में अपनी जग हंसाई कराने के बजाए इस मामले में हस्तक्षेप करें।

## गंगा पूजन कर भाजपा की विजय संकल्प यात्रा की सफलता की कामना

**संवाददाता** हरिद्वार। आज से बीजेपी की विजय संकल्प यात्रा हरिद्वार से रवाना होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरिद्वार के पंतद्वीप मैदान से विजय संकल्प यात्रा के रथों को रवाना करेंगे। आज बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने हरकी पैड़ी पहुंचकर संकल्प यात्रा के रथों का पूजन किया। मदन कौशिक ने बताया कि गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के लिए 18 और 19 दिसंबर से यात्रा शुरू होगी। जिसमें 70 विधान सभाओं के लिए 70 वाहन तैयार किए गए हैं। कुमाऊं में बागनाथ मंदिर से पूजा–अर्चना कर बागेश्वर से विजय संकल्प यात्रा का आगाज होगा। जो खटीमा पहुंचकर समाप्त होगी। हरिद्वार से शुरू होने वाली यात्रा उत्तरकाशी पहुंचकर समाप्त होगी। जनवरी के पहले सप्ताह तक यात्रा अनवरत चलेगी। अलग–अलग विधानसभाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृह मंत्री समेत भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता यात्रा में शामिल होंगे।